# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–04 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ईसीआईएनईटी की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा की। श्री योगी कहा है कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।

**मुख्यमंत्री ने कहा है कि वर्ष 2016–17 में प्रदेश में जहां खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024–25 में बढ़कर 725.12 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक जोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

उधर, पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए तथा इन पेंट प्लांट्स की संख्या बढ़ाई जाए।

**********

नोएडा में आज रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने की। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि बार बार चुनाव विकसित भारत के निर्माण की राह में रोड़ा है।

**नोएडा की सड़कों पर जनसैलाब था। बच्चे हों, बेटे–बेटियां हों, युवक हों या बुजुर्ग हों, सब एक संकल्प लेकर निकले कि संविधान में संशोधन करके लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हर 5 साल में एक साथ एक बार होने चाहिए... बार–बार होने वाला चुनाव विकसित भारत के निर्माण सबसे बड़ी बाधा है। लगातार चुनाव के कारण विकास ठप्प होता है, जनकल्याण बाधित होता है और योजनाएं प्रभावित होती हैं।**

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि पूरे भारत में वन नेशन, वन इलेक्शन का आयोजन किया जा रहा। इस विषय में जनसमर्थन हासिल करने के लिए अभियान शुरू किया गया है।.

**********

मुंबई में चल रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स 2025 आज संपन्न हो रहा है। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था। कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज टैगलाइन वाला यह शिखर सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का एक प्रयास था। आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

**********

देश भर में आज मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी दो हजार पच्चीस का सफल आयोजन हुआ। यह परीक्षा देश में पांच हजार से ज्यादा केंद्रों पर और विदेश में 13 शहरों में आयोजित हुई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

**********

योग साधक पद्म श्री बाबा शिवानंद का कल रात वाराणसी में निधन हो गया। खराब स्वास्थ्य के चलते उन्हें 30 अप्रैल को काशी हिंदू विश्वविद्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा शिवानंद के निधन पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि योग और साधना को समर्पित योग साधक शिवानंद बाबा का जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।

**********

विश्व हिंदू परिषद के द्वारा निकाली गई 84 कोस परिक्रमा आज अयोध्या में संपन्न हुई। 12 अप्रैल को मखोड़ा धाम से शुरू हुई इस परिक्रमा ने पांच जनपद होते हुए लगभग 265 किलोमीटर लंबी यात्रा पूर्ण की है। अयोध्या आगमन पर परिक्रमा का भव्य तरीके से स्वागत किया गया।

**********

प्रदेश के चंदौली, गाजीपुर, वाराणसी, जौनपुर समेत आसपास के जनपदों में मौसम का मिजाज बदल गया है। आज सुबह गरज और चमक के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूम से राहत दी है। मौसम विभाग ने आज सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बरेली, पीलीभीत, रामपुर, मुरादाबाद समेत कई जनपदों में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई है।

**********

आईपीएल 2025 में आज दोपहर से कोलकाता नाइट राइर्डस और राजस्थान रॉयल्स के बीच ईडन गार्डन में मुकाबला खेला जा रहा है। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खो कर दो सौ छः रन बनाये जबकि दूसरा मुकाबला शाम को लखनऊ सुपर जॉइंट और पंजाब किंग्स के बीच धर्मशाला में खेला जाएगा।

**********